

# 3. आम की टोकरी




छह साल की छोकरी,
भरकर लाई टोकरी।

टोकरी में आम हैं,
नहीं बताती दाम है।

दिखा-दिखाकर टोकरी,
हमें बुलाती छोकरी।

हम को देती आम है,
नहीं बुलाती नाम है।

नाम नहीं अब पूछना,
हमें आम है चूसना।



- बच्चों से बातचीत करें – बच्चों से अलग-अलग चीज़ों, जैसे – आम, नीबू, केला, गन्ना, मूँगफली, सेब और दवा की गोली को खाने का अभिनय करवाएँ।
- अभिनय के लिए कुछ और गतिविधियाँ सोचें और कक्षा में करवाएँ।





यह लड़की सिर पर क्या लेकर जा रही होगी? चित्र बनाओ।





